


# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 5 मार्च 2024



12 गीता के उपदेशों का अनुसरण करने से समस्याओं ...





11 पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा ...






# 8 को महाशिवरात्रि मनाएंगे, जोरशोर से की जा रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

8 मार्च शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शिवभक्तों में खासा उत्साह नजर आ रहा है और पर्व को शानदार तरीके से मनाने अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। शिवालयों में रंगरोगन का कार्य चल रहा है तो वहीं कई स्थानों में शिवलिंग स्थापित करने तथा प्राण-प्रतिष्ठा की भी तैयारी की जा रही है। शहर में दर्जन भर से अधिक शिवालयों में महाआरती के साथ महाप्रसादी भंडारा का आयोजन की तैयारी भी की जा रही है। आपको बता दें कि महाशिवरात्रि पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह पर्व हर वर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है और इस बार यह शुभ तिथि 8 मार्च दिन शुक्रवार को है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महाशिवरात्रि पर विधि विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।



## चारभाठा में महाशिवरात्रि पर लगेगा मेला, स्टापडेम में भरा जा रहा पानी

**बालोद/कलंगपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रति वर्ष कलंगपुर चारभांठा स्थित पावन धाम जय जोगी मठ बाबा मंदिर स्थल पर भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। यहां नाले पर बने स्टापडेम के सूख जाने से हर साल पानी की समस्या बनी रहती है। लेकिन, इस वर्ष मंदिर समिति के सदस्यों की कड़ी मेहनत रंग लाएगी। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष भीखाराम साहू ने बताया कि मंदिर स्थल पर पानी की समस्या से निजात पाने के लिए जोगी मठ मंदिर से 4-5 किलोमीटर दूर तांदुला मुख्य नहर से पाइप के माध्यम से मंदिर स्थल पर बने नाला व स्टापडेम में पानी भरा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे मेले एवं मंदिर दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को स्नान कर मंदिर परिक्रमा करने में परेशानी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### किल्लेकोड़ा में मानस गान सम्मेलन कल से

**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम किल्लेकोड़ा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 6 व 7 मार्च को दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन मानस गान समिति व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से होने जा रहा है।



उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मोहन मंडावी सांसद कांकेर लोकसभा होंगे, अध्यक्षता केआर पिस्दा पूर्व पीएससी संघ अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक व्याख्याता बीएल साहसी ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न मंडलियां शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल लोढ़ा विधायक प्रतिनिधि होंगे, अध्यक्षता ललिता गांवरे सरपंच ग्राम पंचायत किल्लेकोड़ा करेंगी।

### महतारी वंदन सम्मेलन 7 को

**बालोद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर महतारी वंदन सम्मेलन जिला मुख्यालय बालोद स्थित टाउन हॉल में 7 मार्च को सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि प्रदान किया जाना है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद को संपूर्ण कानून व्यवस्था तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बालोद को संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पुरानी रंजिश के चलते किया चाकू से हमला

**रायपुर।** टिकरापारा इलाके में पुरानी रंजिश के चलते युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घटना श्रीराम चौक साईं मंदिर के पास हुई।

मांग : ग्राम पंचायत कोड़ेकसा व झिकाटोला के ग्रामीणों ने कलेक्टर से की मुलाकात

# दो जिलों के फेर में फंसे ग्रामीण बिजली आपूर्ति में आ रही समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौण्डी लोहारा ब्लाक अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत कोड़ेकसावासी बिजली की समस्या को लेकर कलेक्टर परिसर पहुंचे। उन्होंने बिजली की समस्या के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम कोड़ेकसा और आश्रित ग्राम झिकाटोला इन दिनों दो जिलों के फेर में फंसकर मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहा है।

- समस्या के निराकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

क्योंकि इस गांव को मानपुर-मोहला चौकी जिले के माध्यम से बिजली की आपूर्ति होती है और ग्रामीण बालोद जिले अंतर्गत आते हैं, जिसके कारण दो जिलों के बीच होने का दंश सैकड़ों ग्रामीणों को बीते कई माह से झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मोहला मानपूर व चौकी जिले अंतर्गत गोटाटोला सब स्टेशन से ग्राम कोड़ेकसा व आश्रित ग्राम झिकाटोला व मरापीटोला को बिजली आपूर्ति की जाती है, जहां आए दिन बिजली गुल की समस्या बनी रहती है। लेकिन, उसी जिले के अंतर्गत आने वाले नजदीकी गांव कुमली, डोंगरीटोला, कलचुवा, बिरसिंग टोला में पर्याप्त बिजली रहती है, जिसके चलते इस समस्या के निवारण के लिए पूर्व में विद्युत विभाग भंवरमर्रा से कोड़ेकसा को बिजली आपूर्ति के लिए जोड़ा जा रहा था। लेकिन, इस पर वन विभाग लोहारटोला द्वारा आपत्ति की गई, जिसके कारण कार्य बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि इस कार्य को पुनः प्रारंभ कर भंवरमर्रा से कोड़ेकसा को जोड़ा जाए, ताकि बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से नियमित हो सके और हमें समस्या से निजात मिलेगी।




### लोगों को हो रही परेशानी

सरपंच पुरूषोत्तम साहू ने बताया कि गांव में लगभग 1700 से ज्यादा जनसंख्या है, जिन्हें बिजली की समस्या के कारण पेयजल, बच्चों की पढ़ाई, दुकानदारी और किसानों को खेती-किसानी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल स्थित है, जहां वर्तमान में बोर्ड परीक्षा का दौर चल रहा है। बच्चे इस गर्मी के दिनों में बिना पंखे के परीक्षा दिलाने को मजबूर हैं। वहीं, स्कूल के शिक्षकों के साथ बाहर से आने वाले पर्यवेक्षकों को भी बजली नहीं होने के कारण पीने के पानी के लिए भटकना पड़ता है। इसके साथ ही बच्चों को रात में घरों में पढ़ने के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण पढ़ाई से वंचित होना पड़ रहा है। इसका असर परीक्षा परीणाम के रूप में भी देखने को मिल सकता है।

# बाइक-स्कूटी में हुई टक्कर महिला की मौत, युवती घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरी के आगे धर्मकांटा के सामने बाइक व स्कूटी में हुई आमने-सामने की टक्कर में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं साथ बैठी युवती व बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को उपचारार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- बाइक सवार भी गंभीर रुप से हुआ घायल
- देवरी थाना क्षेत्र के धर्मकांटा के पास हुआ हादसा

सूत्रों ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 1 बजे के आसपास का है। स्थानीय निवासी पार्वती पति सूरज कुमार उइके 32 वर्ष सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में पूजा करने के पश्चात अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 24 एन 8137 से देवरीबंगला लौट रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक रामलाल पिता महालु 39 वर्ष निवासी पिनकापार के साथ जोरदार टक्कर हो गई। बाइक व स्कूटी में हुई आमने-सामने की इस टक्कर में पार्वती उइके की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्कूटी में साथ बैठी हुई सीमा यादव निवासी ग्राम झिटिया गंभीर रुप से घायल हो गई। बाइक सवार रामलाल व सीमा यादव को तत्काल प्राथमिक उपचार कराया गया तथा हालात गंभीर होने पर उन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# जर्जर पुल की मरम्मत जारी




तांदुला नहर पर बना लोहे का पुल जर्जर, रोज सैकड़ों लोग जान जोखिम में डालकर कर रहे पार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से लगे गंगा मैया मंदिर के ठीक सामने स्थित जर्जर पुल की मरम्मत का कार्य लगभग पूर्ण होने वाला है।

ग्राम पंचायत झलमला के सरपंच द्वारा शिकायत के बाद हरिभूमि ने जर्जर पुल की स्थिति को लेकर प्रमुखता के साथ खबर का प्रकाशन किया था। उसके बाद जल संसाधन विभाग द्वारा करीब 28 साल पुराने पुल की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। कार्य अभी भी जारी है। विभाग द्वारा बहुत जल्द कार्य पूरा हो जाने का दावा किया जा रहा है। इस पुल का निर्माण करीब 28 साल पहले जल संसाधन विभाग द्वारा कराया गया था। प्रसिद्ध गंगा मइया मंदिर के सामने स्थित तांदुला नहर में ग्रामीण व श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए लोहे के पुल का निर्माण किया गया था। पुल में लगे लोहे सड़ चुके थे। वहीं, सीमेंट भी उखड़ने लगा था, जिसके कारण कभी भी बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती थी। हालांकि दुर्घटना जैसी स्थिति आने से पहले ही झलमला ग्राम पंचायत झलमला सरपंच उमा पटेल ने इसकी शिकायत कर मरम्मत की मांग की।

वहीं, इस संबंध में हरिभूमि ने खबर का प्रकाशन कर संबंधित विभाग के जिम्मेदार लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसके बाद मरम्मत शुरू की गई। पुल की मरम्मत हो जाने के बाद लोग आसानी से बिना किसी भय के साथ आना-जाना कर सकते हैं।



## युकां ने फूंका गृहमंत्री शर्मा का पुतला

**बालोद।** युवा कांग्रेस ने जय स्तंभ चौक पर छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया। जिला युवा कांग्रेस ने बताया कि सरगुजा से लेकर सुकमा तक अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। प्रदेश में आपराधिक गतिविधियों से हाहाकार मचा हुआ है। प्रतापपुर में 10 साल के बच्चे के अपहरण के बाद निर्मम हत्या कर दी गई है और अपराधी अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। प्रदेश में फिर से 15 साल पुरानी वही अपराध, चोरी, डकैती, लूटमार वाली स्थिति फिर से आ चुकी है। बीजेपी सरकार में इसे

- नेताओं ने कहा- प्रदेश में बेलगाम हो चुके हैं अपराधी, तत्काल कार्रवाई की मांग की


▶▶| शेष पेज 10 पर


कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में वारदात

# दिन-दहाड़े घर का टूटा ताला नकदी व लाखों की ज्वेलरी पार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में सोमवार को दिन-दहाड़े एक सूने मकान का ताला तोड़ अज्ञात चोर नगदी और सोने-चांदी के जेवरात ले उड़ा। परिजनों के घर लौटने पर चोरी का पता चला और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी खुमेश साहू सोमवार को अपने दैनिक कामकाज करने निकल गया था। उनकी पत्नी कामनी साहू भी रोजगार गारंटी के तहत काम करने के लिए चली गई थी। घर में रहने वाले उनके पिता जी भी खेत देखने गए हुए थे और बच्चा भी स्कूल चला गया था।

इसी बीच किसी अज्ञात चोर ने घर में प्रवेश कर उनके घर की आलमारी में रखा करीब 50 हजार नगद तथा सोने-चांदी के जेवरात जिनमें सोने का मंगसूत्र, बाजूबंद, खिनवा सहित विभिन्न सोने-चांदी के आभूषण गायब थे, जो करीब 1.50 लाख से ज्यादा के थे


▶▶| शेष पेज 10 पर


### महिलाओं का गिरोह सक्रिय

शिकायतकर्ता ने बताया कि पूर्व में हीरापुर रोड़ में एक महिला के साथ यात्री से भरे बस में ही चोरी की घटना को महिलाओं द्वारा अंजाम दिया गया था। जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में तत्परता दिखाते हुए उन्हें पकड़ कर सोने की आभूषण पीड़ित महिला को वापस दिया गया था। लेकिन आभूषण मिलने के बाद उक्त मामले में पीड़ित महिला ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले महिलाओं के खिलाफ कोई भी शिकायत नहीं की जिसके कारण पुलिस को उन महिलाओं को छोड़ना पड़ गया।

## इधर से उधर हुए जिले के 115 पुलिस अधिकारी

**बालोद।** जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने जिले में अपराधिक घटनाओं में लगाम कसने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन के कुछ अधिकारियों सहित 115 पुलिसकर्मियों को उनकी कार्य योग्यता को देखते हुए तबादला किया है। जिले के पुलिस कप्तान ने बड़ा फेरबदल करते हुए अलग-अलग थानों में पदस्थ 115 पुलिसकर्मियों का एक साथ तबादला किया गया है। हालांकि इसके बाद और भी कई पुलिसकर्मियों के तबादले की सूची जारी होने की बात सामने आ रही है। एसपी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक जिन पुलिसकणमयों का तबादला आदेश जारी किया, उनमें एक इंस्पेक्टर, दो सब इंस्पेक्टर, सात सहायक उप निरीक्षक, 10 प्रधान आरक्षक और 95 आरक्षक शामिल हैं।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

# शिक्षकों ने डीईओ को बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों ने जिले में कार्यरत शिक्षक एलबी संवर्ग के विभिन्न स्थानीय समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष दिलीप साहू के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मुकुल केपी साव से जिला कार्यालय में मुलाकात कर चर्चा की व ज्ञापन सौंपा।



संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में 17 जनवरी व 12 फरवरी को सौंपे गए ज्ञापन में कार्यवाही सहित जिले में कार्यरत सभी शिक्षक (एल बी) संवर्ग के लिए अप्रैल 2022 से लागू पुरानी पेंशन योजना अंतर्गत कटौती राशि का सीजीपीएफ पासबुक संधारण करने, सहायक शिक्षक (एलबी) से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पूर्व में पदोन्नति उपरांत बचे शेष पदों में पदोन्नति पुनः करने, संविलियन के पूर्व के सभी प्रकार के लंबित एरियर्स का भुगतान करने, जिसमें सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत कार्य कर चुके शिक्षकों के जुलाई 2016 से मार्च 2017 तक 9 माह के लंबित डीए एरियर्स, समयमान व पुनरीक्षित वेतनमान के एरियर्स, स्कूल शिक्षा के शिक्षकों के समयमान वेतनमान के लंबित एरियर्स सहित परिवीक्षा अवधि के एरियर्स के भुगतान शीघ्र करने की मांग की गई। संघ ने बताया सभी प्रकार के लंबित एरियर्स के भुगतान के लिए पूर्व में राज्य से जिले को प्राप्त राशि का केवल स्कूल शिक्षा के निम्न से उच्च पद पर जाने के एरियर्स का भुगतान किया गया व बाकी एरियर्स आज पर्यंत लंबित है, वही सर्व शिक्षा अभियान व राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कार्य कर चुके शिक्षकों के एनपीएस कटौती के संविलियन पूर्व के कई माह की राशि संबंधित कर्मचारियों के सीपीएस खाते में हस्तांतरण करने, चोवेश कुमार साहू शास


▶▶| शेष पेज 10 पर



संजीवनी

राजनांदगांव का एकमात्र

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

न्यूरोलॉजी विभाग

डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी

MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)

- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)

हृदय रोग विभाग

Dr. Zahid Khan

MBBS, MD, DM Cardiologist

- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर

24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध


OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## संक्षेप्त खबरें



### दिनभर धूप व गर्मी शाम को छाई बदली

**बालोद।** सोमवार को दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया था। सुबह से दोपहर तक चुभन भरी धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान नजर आए। वहीं, शाम होते ही मौसम में अचानक परिवर्तन हो गया। शाम होते ही बादल छाए रहने से बारिश होने की संभावना दिखाई देने लगी, हालांकि बारिश नहीं हुई।

### प्लेसमेंट कैंप 5 से 7 तक

**बालोद।** जिले के विभिन्न विकासखण्डों में 5 से 7 मार्च तक सुबह 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केंद्र बालोद ने बताया कि इसके अंतर्गत 05 मार्च को जनपद पंचायत गुरूर में सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास, आयु सीमा 20 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। इसी तरह जनपद पंचायत डौण्डी में 06 मार्च को फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, मशीन ऑपरेटर के 200 पद के लिए शैक्षणिक योग्यता आईटीआई के साथ बाहरवीं उत्तीर्ण, आयु सीमा 20 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। इसी तरह शासकीय आईटीआई संजारी में 07 मार्च को फेब्रिकेशन के 100 पद हेतु आईटीआई के साथ बाहरवीं उत्तीर्ण, आयु सीमा 20 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है तथा हेल्पर के 100 पद हेतु आयु सीमा 18 से 45 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। उक्त पदों का कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, भिलाई एवं राजनांदगांव निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, 02 पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

### डॉगी के साथ मारपीट करने वाले पर जुर्म दर्ज

**भिलाई।** डागी के साथ मारपीट करने का वीडियों वायरल होने के बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 429, 504 के तहत कार्रवाई किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी धनंजय प्रसाद ने शिकायत किया है कि कृष्णा नगर सुपेला निवासी गोपाल राव डागी को लाठी से लगातार मारने का वीडियों वायरल हुआ। गोपाल डागी को माररीट कर प्रताड़ित कर रहा था। जिसे देख पीपुल्स फॉर एनीमल दुर्ग भिलाई युनिट-2 ने इसे गंभीरता से लेते हुए लिखित में शिकायत किया। घटना 29 फरवरी की रात 10 बजे कृष्णा नगर बजरंग चौक वार्ड नं 8 का है। जहां सुपेला में बाईक पर सवार दो युवक में से एक ने सडक किनारे सोए हुये डागी को बेरहमी से लाठी से मारपीट कर घायल किया।

### सुनीत बने वैशालीनगर विधायक प्रतिनिधि

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप इस्पात श्रमिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कर्मचारी यूनियन के सचिव सुनीत कुमार सिंह को वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन द्वारा विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है । उनके साथ विभिन्न क्षेत्रों के तीस अन्य लोगों को भी विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है।

**आयोजन : शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव में हुआ आयोजन**

# बेटी के जन्मदिन पर बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लाक के बड़गांव संकुल के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव में सोमवार को न्योता भोज का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन राजेंद्र साहू की ओर से उनकी पुत्री रिचा साहू के जन्मदिन के अवसर पर किया गया।

स्कूल में साहू परिवार द्वारा शाला के समस्त बच्चों को पूरक आहार के रूप में भोजन कराया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान पाठक कमल कांत साहू, शिक्षक टिकेंद्र रामटेके, राजेंद्र साहू, उत्तरा साहू, जितेन्द्र, कार्तिक, सोना बाई, गेंद कुंवर, मिलोतिन शामिल हुए। संस्था प्रमुख कमलकांत साहू ने बताया कि पूरक पोषण आहार के रूप में बच्चो के इच्छा एवं रुचिनुसार खीर, पूड़ी, बड़ा, भजिया, फल, स्वादिष्ट व्यंजन, सब्जी, फल, केला, सेव फल, अनार, मीठा व्यंजन आदि दिया जाना है। इसी प्रकार शनिवार को संतोष कोरटिया व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमकापार ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर शा.प्रा.शाला कमकापार में न्योता भोजन के तहत खीर पुड़ी बंटवाया था।





### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में न्योता भोज का हुआ आयोजन



**अर्जुन्दा।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय में विधायक कुंवर सिंह द्वारा अपनी नातिन हुमिशा निषाद के जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। जहां उन्होंने बच्चों के साथ केक काटकर खीर, पुड़ी, गुलाब जामुन, चावल, दाल, सब्जी का आनंद उठाया। विधायक द्वारा नेवता भोजन की इस पहल को सभी ने सराहना की तथा सभी से अपील किया गया कि ऐसे शुभ अवसर पर सभी को इस प्रकार का आयोजन करना चाहिए। न्योता भोजन के आयोजन में तहसीलदार अर्जुन्दा प्रीतम साहू, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नवीन यादव, आत्मानंद विद्यालय की प्राचार्य नीलम कौर, नगर पंचायत अर्जुन्दा अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, उपाध्यक्ष सुषमा चंद्राकर,



पार्षद मोहित मेश्राम, संकुल समन्वयक सुभाष गजेन्द्र, रमेश सोनकर, विधायक प्रतिनिधि तरुण पारकर, दिग्विजय ठेठवार, जीवन बांदे, सागर साहू, रूपेश निषाद, अरविंद यादव, चित्रंश, रत्नेश गायकवाड एवं नागरिक उपस्थित थे।

### किल्लेकोडा स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला किल्लेकोडा में न्योता भोज का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य जन समुदाय के बीच अपनेपन की भावना, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि करना तथा सभी समुदाय के बच्चों में समानता स्थापित करने की भावना का विकास करना है। इस योजना के अंतर्गत शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला किल्लेकोडा में एन.आर.शिवना ( प्रधान पाठक) तथा प्रवीण मानिकपुरी (शिक्षक) के द्वारा 58 बच्चों को मिठाई, खीर ,पुड़ी, केला, चिकी आदि खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। इस बीच पालकगण भी पहुंचे हुए थे। जिन्होंने अपनी खुशियों का इजहार किया। श्री शिवना ने कहा कि भारतीय परंपरा के अनुसार प्रत्येक घर में स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन, किसी के जन्मदिन, विभिन्न प्रकार के त्यौहार, विवाह और राष्ट्रीय पर्व के शुभ अवसर पर विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए जाते हैं इसी को ध्यान में रखते हुए शासन के द्वारा न्यौता भोज का आयोजन विद्यालयों में किया जा रहा है, जिससे बच्चों को पौष्टिक आहार मिल सके। प्रवीण मानिकपुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना बच्चों के लिए लागू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना का लाभ प्रत्येक बच्चों को मिलना है। जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। तत्पश्चात आभार प्रदर्शन खिलावन उर्वशा (उच्च वर्ग शिक्षक) ने किया। इसमें विशेष सहयोग गोयल मैडम, गोकुल शोरी का रहा है। इस बीच समस्त स्टाफ उपस्थित थे।


# अंचल में शराब की अवैध बिक्री जोरों पर

## अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगने से बढ़ी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंचल में शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिला मुख्यालय में शराब दुकान होने के बाद भी पारा मोहल्लों में शराब की खुलेआम अवैध बिक्री हो रही है। लोगों ने सोचा था कि सरकार बदलने पर शायद शराब के अवैध कारोबार में अंकुश लगेगा, लेकिन यह पिछली सरकार के शासनकाल की ही तरह अभी भी बेरोकटोक जारी है।

अवैध शराब विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग के साथ पुलिस विभाग भी कार्रवाई करने के लिए सक्षम है। लेकिन, दो विभागों को कार्रवाई का अधिकार होने के बाद भी शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश नहीं लग पाने से जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है। गुरूर विकासखण्ड के गुरूर नगर सहित पुरूर, कनेरी, फागुन्दाह, कंवर पलारी, सांगली, अरकार, बालोदगहन सहित 30 से अधिक ग्रामों में अवैध शराब विक्रय होने की शिकायतें हैं। वहीं, बालोद नगर सहित बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर, सांकरा, पड़कीभाट, करहीभदर, जामगांव, सांकरा पुल के पास, जमरूवा, बरही,



नारागांव सहित पच्चीस से अधिक ग्रामों में अवैध शराब विक्रय की शिकायतें आम हैं। वहीं, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी विकासखण्डों में भी अवैध शराब विक्रय की शिकायतें आम हैं। नारागांव, अरकार सहित आधा दर्जन गांवों में कच्ची महुआ शराब का कारोबार भी फल फूल रहा है। इसमे करहीभदर, मालीघोरी, पलारी, पुरूर, कंवर, जगन्नाथपुर, जवाहरपारा बालोद मे तो मिनी शराब दुकान जैसी स्थिति होने की शिकायतें हैं। हालांकि पुलिस विभाग व आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई किए जाने का दावा किया जाता है, लेकिन लोगों का कहना है कि अधिकारी छोटे-छोटे कोचियों पर कार्रवाई कर खानापूर्ति कर लेते हैं। वहीं, ये छोटे-छोटे कोचिए, कहां से शराब लाते हैं, उस तह तक पहुंचने की पुलिस कोशिश ही नहीं करती। मिली जानकारी के अनुसार शराब कोचिए साफ कहते हैं कि वे शराब दुकान से बड़ी मात्रा में शराब लाते हैं। लेकिन, निर्धारित मात्रा से अधिक शराब का विक्रय एक व्यक्ति को किए जाने के संबंध में उन शराब दुकान प्रभारियों पर कभी कार्रवाई नहीं होती। जिम्मेदार अधिकारी चाहें, तो शराब दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों से ऐसे लोगों की पहचान कर सकती है, लेकिन शायद वे उन पर कार्रवाई ही नहीं करना चाहते।

### सरकार अंकुश लगाए : संगीता

इस मामले में विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि भाजपा शासन आने के बाद से क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री तेजी से बढ़ी है। कानून व्यवस्था चरमरा गई है, ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर सरकार इस पर अंकुश लगाए।

### सूचना मिलने पर करते हैं कार्रवाई

शराब की अवैध बिक्री के मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। नए सत्र में अब तक 20 से अधिक बड़ी कार्रवाई की जा चुकी है। जहां से सूचना मिलती है, हम कार्रवाई करते हैं।

- **राजेश शर्मा,** जिला आबकारी अधिकारी।

# पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए योगासन, प्राणायाम, आहार कर्म, योग, स्वच्छता पर पेंटिंग, रंगोली बनाई गई एवं खेल का आयोजित किया गया।

■ योग व प्राणायाम के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

इसके अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर छात्र छात्राओं को विशेष तौर पर विशेष जानकारी प्रदान की गई। शिक्षक आदित्य कुमार योग ने बताया कि वर्तमान समय में स्वच्छता के साथ जीवन शैली के अनुसार खानपान में महत्वपूर्ण पोषक पदार्थों की कमी होती जा रही है। जिससे बच्चे संतुलित भोजन से दूर होते जा रहे है एवं इसका सीधा प्रभाव उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और इस कारण से बच्चों का पूर्ण विकास बाधित होता है। जानकारी के अभाव में उनके जीवन में इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे कई बार अपनी समस्यायों के बारे में किसी से बात भी नहीं कर पाते है। इससे सही समय में सही उपाय नही होने से रोग ग्रस्त हो जाती है। योग और प्राणायाम एवं संतुलित भोजन के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को हम स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधान पाठिका ने कहा की भविष्य में भी इस प्रकार से और भी कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए, ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी बच्चा अपने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति लापरवाह न हो। इस मौके पर शिक्षक सहित छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।





# श्री कृष्ण जन्म पर झूमे श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नालेश्वर शिव भक्त सेवा समिति लोहारा जिला बालोद के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण के पंचम दिवस सरस वक्ता किशोरी राधाबल्लभी ने राजा बलि द्वारा वामन भगवान को तीन पग भूमि दान की सुंदर महिमा का वर्णन किया।

दान की महिमा वर्णन करते हुए बताया कि, हर व्यक्ति को अपने मेहनत, नेक व पवित्र पुण्य की कमाई से दसवां हिस्सा दान करना चाहिए। भगवान को बाधने के लिए प्रेम की रस्सी का होना आवश्यक है। भारतीय संस्कृति में राखी की महिमा बताते हुए कहा कि लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधकर भगवान नारायण को राजा बलि द्वारा मुक्त करवाया था। सूर्यवंश की कथा में भगवान राम के अनेकों अवतारों के कारणों का जिक्र करते हुए सूर्यवंश की सुंदर गाथा को बताया। चंद्रवंश की कथा में किशोरी जी ने श्री कृष्ण जन्म की गाथा को सुनाया तो श्रद्धालु कथा पंडाल में झूम-झूम कर नृत्य करने लगे। कथा में भगवान श्री कृष्ण के जन्म के उपलक्ष्य में भक्त श्रधालुओं ने नृत्य के साथ-साथ मिठाईया बांटी तथा पटाखे फोड़े।

# विधायक ने पुलगांव में लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विधायक गजेंद्र यादव ने पुलगांव में चौपाल लगाकर आम जनमानस से भेंट मुलाकात की। वहां के नागरिकों ने वार्ड में हो रही समस्याओं से अवगत कराया।

सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया कि रविवार का दिन पुलगांव वालों के लिए खास दिन था। विधायक श्री यादव ने बारी-बारी से लोगों की समस्या सुनी एवं संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश भी दिए। वार्डवासियों ने



महतारी वन्दन योजना, पट्टा वितरण, सड़क नाली की समस्या एवं आदिवासी समाज ने भवन नहीं होने पर आ रही परेशानी से अवगत कराया। इस दौरान लक्ष्मीकांत दुबे कृष्णा निर्मलकर आशुतोष यादव ओमप्रकाश, मनोहर यादव, ऋषभ दुबे भीखम यादव, पिंटू मांडवी, संजू साहू, दिनेश यादव, गोकुल साहू, सतीश साहू सुदामा यादव, अश्वनी निषाद, कपिल निषाद, रामेश्वरी नेताम, हुलेश साहू अनिता बाई, अष्टोरा बाई, मोनिका दुबे, वीणा देशमुख, झरना साहू विदेशी नेताम, गनपत साहू, दीपक, जय, हेमंत साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### विधानसभास्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 6 व 7 को

**बालोद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफलतापूर्वक संचालन के लिए मतदान दलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के रूप में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 06 एवं 07 मार्च को दोपहर 02 बजे से शाम 06 बजे तक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कौशिक ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर प्रशिक्षण हेतु उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# चिंगरी में 145 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिंगरी के टीकाकरण भवन में 3 मार्च को 0 से 5 वर्ष तक के 145 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर देवेन्द्र किशोर बेलचंदन ने बताया कि 3 मार्च को बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। जो बच्चे छूट गए हैं, उन्हें स्वास्थ्य टीम की द्वारा घर-घर जाकर पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। गांव की सरपंच पुष्पा देवी देशमुख ने अपने हाथों से 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई। इस अवसर पर एनपी डब्लू लिखन पटेल, मितानीन उर्मिला ठाकुर, अनिता निर्मलकर, अश्वनी निर्मलकर, सत्यवती सेन, सुलेखा पटेल, सुमित्रा बांधे, पंच मोखन साहू के साथ ही गांव के कोतवाल अनाथ मानिकपुरी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।





# समोदा में दो स्थानों पर होगा सीसी रोड निर्माण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत समोदा में लोकार्पण कार्यक्रम समारोह एवं श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजमहंत डोमन लाल कोरसेवाड़ा विधायक आहिवारा ने ग्राम समोदा में दो जगह सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति दी है। जिसके लिए ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासीयों ने विधायक का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता श्रीमती पुष्पा भुनेश्वर यादव ने किया, विशेष अतिथि के रूप में देवेंद्र देशमुख जनपद पंचायत दुर्ग अध्यक्ष, हीरामणि देशमुख सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग, जितेंद्र यादव अध्यक्ष भाजपा जेवरा मंडल मौजूद थे। इस अवसर पर गांव की मुखिया भुवनेश्वरी सुखनंदन देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत समोदा, उपसरपंच राम निषाद, समस्त पंचगन, योगेंद्र देशमुख, टून्ना लाल देशमुख, ,चतुर्भुज देशमुख, विश्राम सिंह देशमुख, गोवर्धन देशमुख, चंद्रिका प्रसाद देशमुख, वीरेंद्र बेलचंदन, ढाल सिंह देशमुख आदि उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### व्याख्याता प्रकोष्ठ ने की न्यायिक जांच की मांग

**रायपुर।** राज्य कर्मचारी संघ से जुड़े प्रदेश व्याख्याता प्रकोष्ठ ने व्याख्याताओं की वरिष्ठता समाप्त करने संबंधी मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। बताया गया है कि प्रदेश के व्याख्याताओं की 2016 में पदोन्नति होनी थी, लेकिन पदोन्नति नहीं की गई। इस मामले को लेकर व्याख्याता अदालत में गए थे। इसके बाद सरकार ने वरिष्ठता को ही समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया। बताया गया है कि प्रदेश के 56 लाख व्याख्याताओं की वरिष्ठता निरस्त की गई है। इस मामले को लेकर प्रकोष्ठ की बैठक में मांग की गई है कि सभी व्याख्याताओं को प्राचार्य के पद पर पदोन्नत किया जाए।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच



**रायपुर।** जिले के ग्राम बरोदा के बाजार चौक स्थित पंचायत भवन में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर लाभ लिया। साथ ही बीपी, शुगर आदि की विशेष जांच की गई। यह कार्यक्रम लोहिया पेपर एंड बोर्ड लिमिटेड रायपुर एवं श्रीराम पैथोलॉजिकल लैब की ओर से किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि उप सरपंच भागवत साहू और कंपनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा विशेष रूप से शामिल रहे।

### हरियर पनियर छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ आज



**रायपुर।** तालाबों को पुनर्जीवित करने जिला प्रशासन और भारतीय जैन संघटना के सहयोग से हरिहर पनियर छत्तीसगढ़ अभियान के माध्यम से प्रचार रथ का उद्घाटन 4 मार्च को किया जाएगा। उद्घाटन जिला पंचायत कार्यालय में सुबह 11 बजे अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिकृष्ण जोशी करेंगे। इस अवसर पर रायपुर जिलाध्यक्ष मानवेंद्र दफ्तरी, जिला सचिव चित्रांक चोपड़ा, हर्षवर्धन बाघमार एवं जिले की पूरी टीम, राज्य अध्यक्ष मनोज लुंकड़, राज्य सचिव विजय गंगवाल उपस्थित रहेंगे।

### आदिवासी मातृ संगठन का नौ को सम्मेलन

**भिलाई।** आदिवासी मातृ शक्ति संगठन महिला मुक्ति मोर्चा के चन्द्रकला तारम ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 9 एवं 10 मार्च को महा सम्मेलन किया जाएगा। वर्तमान परिस्थितियों में युवाओं के समक्ष चुनौतियां और उनकी भूमिका, 2 सत्र वर्तमान समय में महिलाओं की स्थिति और उनकी भूमिका, 10 फरवरी को 1 सत्र विषय वर्तमान परिस्थितियों में श्रम नीतियों विषयों पर सत्र होंगे। लोकतांत्रीक इस्पात एवं इंजिनीयरिंग मजदूर युनियन, लोईमु नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार युनियन प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ, छमुमो मजदूर कार्यकर्ता समिति सहकारिता संघर्ष समिति शामिल है। बैठक में चन्द्र कला तारम उमा नीरा राजेंद्र परगनिहा, सुरेंद्र मोहंती कलादास डेहरीया कुमार भारद्वाज, बेदन लाल गेंद्रे डालिया ढाले पल्लवी ठाकुर आदि शामिल थे।

### अवार्डी शिक्षकों ने विस अध्यक्ष से की भेंट

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक- शिक्षिकाओं ने छत्तीसगढ़ शासन के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट कर छत्तीसगढ़ राज्य पृथक बनने के बाद राष्ट्रपति से विभागीय रुप से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों की सेवा में 2 साल की वृद्धि करने तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित अन्य सुविधाएं प्रदान करने संबंधी चर्चा की।भेंट के दौरान उन्हें बताया गया कि मध्य प्रदेश सहित भारत के अन्य राज्यों द्वारा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों की 2 साल की सेवा वृद्धि का लाभ दिया जा रहा है, क्योंकि छत्तीसगढ़ राज्य 2000 में पृथक हुआ।

---

**आयोजन : गुंडरदेही में हुआ कोसरिया यादव समाज का वार्षिक सम्मेलन**

# गीता के उपदेशों का अनुसरण करने से समस्याओं का निवारण होता है : निषाद

**सम्मेलन में गुंडरदेही सर्किल के 52 गांवों के यादव समाज के लोग हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

ग्राम में कोसरिया यादव समाज सर्किल गुण्डरदेही के तत्वावधान में गीता ग्रंथ पूजन एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन स्थानीय गौठान स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पास हुआ। कार्यक्रम में गुण्डरदेही सर्किल अंतर्गत 52 गांवों के यादव समाज के लोग शामिल हुए।

■ मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए गुंडरदेही विधायक

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम गौठान स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना कर एवं यादव समाज का झंडा का ध्वजारोहण सरपंच पुष्पा सिन्हा ने किया। पूजा के बाद महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर गली भ्रमण किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पुरुष भी सम्मिलित थे। दोपहर 1 बजे गीता ग्रंथ पूजा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद थे, अध्यक्षता अध्यक्ष कोसरिया यादव जिला महासभा बालोद चंद्रहास यादव ने किया। विशिष्ट अतिथि में अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोनादेवी दशहरा, सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत सुचित्र हेमंत साहू उपस्थित रही। मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद ने भगवान श्री कृष्णा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि गीता को श्रीमद् भागवत गीता और गीतोपनिषद के नाम से जाना जाता है।ऐसा कहा जाता है कि गीता के उपदेशों का अनुसरण करने से समस्त कठिनाइयों और शंकाओं का निवारण होता है। इस दौरान सर्किल यादव समाज गुण्डरदेही अध्यक्ष चंद्रहास यादव, सरपंच पुष्पा सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार जैन, ग्रामीण अध्यक्ष गोविंद सिन्हा, अशोक यादव, बन्नू यादव, द्वारपाल यादव, शिवकुमार यादव, राम जी यादव, सुलोचना यादव, कृष लाल यादव, केवल यादव, रमेश यादव, झूमर लाल यादव, दिलीप चंद जैन, ओमप्रकाश नेताम, संतोष देवांगन, केशव वैष्णव, पूरन लाल धनकर, झंगलू राम यादव, अर्जुन सिन्हा, धनेश्वरी यादव, द्वारपाल यादव, भीष्म यादव, लता गुड्डा साहू, कन्हैया निषाद सहित ग्रामीण उपस्थित थे।





**कलंगपुर में बनेगा यादव समाज का भवन**

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने यादव समाज को आश्वासन देते हुए कहा कि शीघ्र ही आप लोगों की मांग पूरी की जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत कलंगपुर की सरपंच पुष्पा सिन्हा की मांग पर गायत्री परिवार के लिए संस्कारशाला भवन निर्माण एवं गौठान में खुला मंच निर्माण का मुख्य अतिथि ने आश्वासन दिया। विशेष अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने सरपंच की मांग पर गौठान में बोर खनन एवं मोटर पंप स्थापना की घोषणा की। इसके साथ ही जनपद अध्यक्ष सुचित्र हेमंत साहू ने साहड़ा चबूतरा जीर्णोद्धार निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर यादव समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

### कर्म प्रधान है यादव समाज

जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि यादव समाज एक कर्म प्रधान समाज है। गीता ग्रंथ में कहा गया है कि कर्म करो फल का चिंता मत करो, यदि अच्छे कर्म करोगे तो भगवान भी अच्छे फल देंगे। उन्होंने कहा कि समाज का संगठन हमेशा मजबूत होना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशललहरा ने भी यादव समाज को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने यादव समाज के प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कोसरिया यादव समाज सर्किल गुण्डरदेही ने अतिथियों के सम्मुख अपना मांग पत्र सौंपते हुए कलंगपुर में यादव समाज भवन की मांग रखी।

---

# करहीभदर में खुलेगी शराब दुकान, पर कब, यह तय नहीं

**शराब दुकान खोलने शासन द्वारा मिल चुकी है स्वीकृति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम करहीभदर में शराब दुकान खुलने की स्वीकृति आखिरकार मिल ही गई। ग्रामीण स्तर पर इसकी तैयारी भी हो गई है। लेकिन प्रशासन द्वारा खोलने का आदेश अभी भी लंबित है। इससे आने वाले सत्र में दुकान खुलने पर संशय है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले ही प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने स्थल चयन कर जल्द ही शराब दुकान संचालित करने की जानकारी दी थी, लेकिन कई हफ्ते बीत जाने के बावजूद शराब दुकान खोलने को लेकर कोई स्पष्ट आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। ग्राम करहीभदर में अवैध शराब की बिक्री बड़े पैमाने पर होने से बिगड़ रही ग्राम की व्यवस्था को देखते हुए पंचायत एवं ग्राम समिति कई साल से गांव में ही शराब दुकान खोलने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर जिला अधिकारियों से लेकर मंत्री तक को आवेदन दिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब करहीभदर में शराब दुकान खोलने का आदेश जारी हो चुका है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह दुकान कब से खोली जाएगी। लेकिन, कई महीने बीत जाने के बाद अब पुनः प्रशासन द्वारा पहल करने की बात सामने आई है। मुजगहन जाने वाले मार्ग पर पूर्व में जहाँ देशी शराब की दुकान संचालित थी, वहीं पुनः शराब दुकान संचालित करने के लिए रंगरोगन कर बिजली की व्यवस्था भी कर दी गई है, लेकिन कई सप्ताह बीत जाने के बावजूद अब तक सरकारी शराब दुकान नहीं खुल पाई है।



### स्वीकृति मिली, आदेश नहीं आया

आबकारी विभाग अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि शराब दुकान खुलने की स्वीकृति प्रशासन से मिल चुकी है, लेकिन खोलने के लिए आदेश नहीं आया है।

### महाशिवरात्रि पर सांई दरबार में होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम डोंगलतराई स्थित सांई दरबार में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन पुजारी पीआर साहू द्वारा किया जाएगा। 6 मार्च को शाम 4 बजे से कलशयात्रा, 7 को सुबह 9 बजे मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी, सुबह 11 बजे भगवान शिव जी मंदिर जीर्णोद्धार एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम, दोपहर 12 बजे से सांई मंदिर स्थापना दिवस एवं पूजा अर्चना साथ ही मंदिर स्थल पर सुबह 11 से 2 बजे तक विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं निःशुल्क दवाई वितरण किया जाएगा। शाम 4 बजे से पंडित लोकेश शर्मा नेवारीकला द्वारा भजन संध्या एवं रात्रि जागरण की प्रस्तुति 8 मार्च को सुबह मंदिर स्थल पर महाशिवरात्रि पर्व एवं भगवान शंकर जी की 108 परिक्रमा की जाएगी। उक्त जानकारी डॉक्टर लेखराम साहू ने दी।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में शामिल हुए आदित्य



**बालोद।** जिले के युवा मोर्चा की टीम युवा मोर्चा के जिला भाजयुमो अध्यक्ष आदित्य पिपरे के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी कुशाभाऊ ठाकरे प्रदेश कार्यालय के संयुक्त बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में बालोद जिले के युवा मोर्चा के जिला भाजयुमो अध्यक्ष आदित्य पिपरे, जिला महामंत्री खेमलाल देवांगन, अध्यक्ष युवा मोर्चा गुण्डरदेही श्रीकांत वर्मा, महामंत्री भाजयुमो गुरुर मितेश साहू, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष गुण्डरदेही नेमलाल यादव सहित कार्यकर्ता शामिल हुए।

### विद्यार्थियों ने जल संशोधन संयंत्र का किया अवलोकन



**बालोद।** भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग दानीटोला बालोद बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं ने दल्लीराजहरा व बोड्डी डेम में स्थित जल संशोधन संयंत्र का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को जल संशोधन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डेनियल दीपक मसीह के नेतृत्व में हुआ। इसमें कॉलेज के अन्य कर्मचारी भी सम्मिलित हुए।

### आंगनबाड़ी में पिलाई पोलियो ड्राप



**गुण्डरदेही।** नगर के वार्ड नं 2 के आंगनबाड़ी केंद्र में शून्य से पांच साल के बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई गई। जिसमें पार्षद हरीश निषाद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मनीषा रजक, कला बाई निषाद, सहायिका नीरु निषाद, मितानिन संतोषी निषाद, सुनील निषाद, चिंताराम निषाद उपस्थित थे।

---

## एनएसएस स्वयं सेवकों का हुआ सम्मान



**अर्जुन्दा।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा देश हित एवं समाज हित के क्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करने और विभिन्न जागरूकता अभियान जैसे स्वच्छता अभियान, पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान जागरूकता, नेत्रदान, नशा मुक्त अभियान, एड्स जागरूकता वन्य जीव संरक्षण, मतदान जागरूकता रैली, पुलिस स्मृति दिवस, यातायात जागरूकता अभियान, साइबर क्राइम जागरूकता में विशेष योगदान एवं भूमिका निभाने के लिए उन्हें पुलिस थाना अर्जुन्दा के प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसआई कमलेश कुमार साहू ने सभी स्वयंसेवकों को प्रशंसा पत्र प्रदान किया। जिसमें स्वयंसेवक राज्य स्तरीय पुरस्कृत श्रेष्ठ स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन, स्वयंसेविका प्रीति सोनकर, ममता साहू, रेणुका कांशी और कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति ने हर्ष जताया है।

# कत्लखाना ले जाने की तैयारी में थे तस्कर, गौ सेवकों ने 17 गौवंशों को छुड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ क्षेत्र में बेखौफ की जा रही गौ तस्करी

क्षेत्र में बेखौफ चल रहे गौ तस्करी के कार्य को रोकने में सक्रिय होकर गौ सेवकों ने गौ तस्करों से बीमार व कमजोर गौवंशों को छुड़ाया। सोमवार सुबह 6 बजे ग्रामीण क्षेत्र के गौरक्षक प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने तस्करों द्वारा ले जा रहे सत्रह गो वंश में से बीमार व कमजोर गौवंशों को वापस उसके मालिक के पास भेजा। पगडंडी मार्ग से छुपा कर पैरी मायनर के रास्ते करहीभदर बाजार के लिए ले जा रहे थे, उन्हें छुड़ाया गया। गौरतलब है कि पशु तस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि न तो इनके पास पशु व्यापार पंजीयन होता है और न ही कोई वैध दस्तावेज।

वे बीमार ओर कमजोर पशुओं को भी मारपीट कर ले जाते हैं। आज पकड़े गए गौ वंश में एक गंभीर रुप से बीमार बछड़े का गो सेवकों ने अपने खर्च से इलाज कर चारा पानी खिलाकर वापस भेजा और कोचियों को समझाइश दी गई कि आइंदा ऐसी हरकत न करें ओर गौमाता को चार पैसे के लालच में गो तस्करों के हाथों न सौंपें। गौ रक्षा के इस कार्य में गोरक्षक पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, नरेंद्र जोशी के मार्गदर्शन में डेमन यादव, युवराज साहू, मुकेश साहू, भुनेश्वर कौशिक, देवचंद पटेल पारागांव का सहयोग रहा।

---

**केला परिसर में भागवत कथा जारी**

# जीवन में चरित्र से बड़ा कोई धन नहीं : पं. वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

केला परिसर जामगांव आर में आयोजित भागवत महापुराण के तीसरे दिवस ध्रुव, जड़, भरत चरित्र, प्रह्लाद चरित्र पर व्याख्यान करते हुए पंडित वीरेंद्र महाराज ने कहा कि जीवन में चरित्र सर्वश्रेष्ठ धन है। जो चरित्र की रक्षा करते हैं उनका इतिहास प्रेरणादाई होता है और जो चरित्रहीन होते है वे अपने आपको कितना भी बड़ा समझे वे निंदा के पात्र होते है।

चरित्रवान पूज्यनीय होते है, सर्वत्र इनकी जय जय कार होती है, इनका आभा मंडल दर्शनीय होता है। **भागवत सुनना सौभाग्य की बात :** महाराज ने कहा कि भागवत भगवान की कथा श्रवण करते समय भागवत भक्तों को अपने भीतर निहित कुव्यसनों को त्यागने के लिए दृढ़ संकल्पित होना चाहिए।



भागवत कथा श्रवण करना सौभाग्य की बात है लेकिन कथा को श्रवण कर आत्मसात करने वाला भक्त बहुत बड़ा सौभाग्य शाली होता है। एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देने वाले लोग अपने आप के साथ धोखा करते है।

**अहंकार से बचे :** महाराज ने कहा कि सत्संग से जीवन संवरता है, मन में ठान ले तो कोई काम मुश्किल नहीं होता है। धन रूप ज्ञान का अहंकार नहीं होना चाहिए, इतिहास गवाह है। अहंकार सर्वनाश करता है। अहंकार से बचे, अपनी औकात का आंकलन समभाव से करना चाहिए अहंकार भाव से नही। अहंकार के वशीभूत किया गया आंकलन दुष्परिणाम को जन्म देता है।

### वाणी में मिठास होनी चाहिए

आचार्य वीरेंद्र ने कहा कि वाणी में मिठास होनी चाहिए चापलूसी नही। चापलूसों से सावधान रहना चाहिए ये घोर स्वार्थी होते है। ये दूसरे का भला नहीं कर सकते। सदा वाणी में संयम होना चाहिए। घरों में आपसी कलह का बहुत बड़ा कारण वाणी में संयमित नही होना ही पाया जाता, वाणी ऐसा बोली मन का आपा न खोए औरन को शीतल करे आपहूं शीतल होय। लोगों का सम्मान करें तब सम्मान मिलेगा। जैसा बीज बोएंगे वैसा फल मिलता है हर कोई जानते है।

